राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

कोरोना से मुक्ति हेतु नवरात्रि में पूरे नौ दिन तक दुर्गा सप्तशती और रामायण का पाठ किया
राज्यपाल ने राजभवन में लोक कल्याण के लिए की ईशकृवन्दना

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने पूजा, अर्चना और हवन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की

जयपुर, 25 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र ने रविवार को यहां सपरिवार राजभवन स्थित राज राजेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश के सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने अपनी पत्नी सत्यवती मिश्र सहित शिव मंदिर परिसर में ही हवन पूजन और कन्या पूजन भी किया। उन्होंने मंदिर में ईश वन्दना करते हुए लोक कल्याण के लिए देवी मां गौरी, भगवान शिव और रामायण की आरती की।

उल्लेखनीय है कि श्री मिश्र ने प्रदेश में कोरोना से मुक्ति हेतु नवरात्रि में पूरे नौ दिन तक दुर्गा सप्तशती और रामायण का पाठ किया।